A One-Day Workshop on Pioneering, Knot Making and Lashings was organized on 24th September 2019. in the Conference Hall of the College for the Rovers and Rangers to train them in different techniques of Pioneering, Knot making and Lashings. The main motive behind the workshop was to prepare the Rovers and Rangers for the 'State Level Rover-Ranger Moot- 2019' at State Training Centre (STC) Rewalsar, Distt. Mandi, HP w.e.f. 26th to 30th September 2019. Rover Scout Leader Sh. Himmat Singh Thakur from Devbhumi Oper Crew, Kullu, HP guided the Rovers and Rangers through various techniques of pioneering and lashings.

संजौली कालेज में रोवर्स एंड रेंजर्स की वर्कशॉप

नगर संवाददाता-शिमला

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में मंगलवार को स्थानीय रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई द्वारा एकदिवसीय पियनियरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को समाज सेवा व नशे से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्र भान मेहता ने इस कार्यशाला की अध्यक्षता की। देवभूमि रोवर्स ओपन के रोवर्स स्काउट लीडर हिम्मत ठाकुर ने इस कार्यशाला में बतौर विशेषज्ञ शिरकत की। उनके अलावा सहायक रोवर्स स्काउट लीडर विवेक शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। हिम्मत ठाकुर ने उपस्थित प्रतिभागी रोवर्स और रेंजर्स को जहां एक ओर स्काउटिंग के विभिन्न सौपानों से परिचित करवाते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को समाज व आत्मविकास के इस आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, वहीं कम से कम साधनों से ही अधिक एवं बेहतरीन इस्तेमाल किए जाने की अनेक विधाएं भी साझा की।